दिनांक 11/05/22 दिन बुधवार को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में परिदृश्य के मंच पर आयोजित छत्तीसगढ़ी देशभक्ति कविता प्रतियोगिता के कविता संग्रह का विमोचन किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर बीएन तिवारी रहे, विशिष्ट अतिथि में प्रोफेसर निलंबरी दवे विभाग अध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग सौराष्ट्र विश्वविद्यालय एवं डॉ प्रवीण कुमार मिश्रा अधिष्ठाता सामाजिक विज्ञान संकाय रहे,कार्यक्रम का शुभारंभ देवी सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय आलोक कुमार चक्रवाल सर के मार्गदर्शन एवम प्रेणना के फल स्वरूप इस कार्यक्रम का आयोजन संभव हो पाया, उनके सकारात्मक ऊर्जा का संचार विश्वविद्यालय कैंपस में महसूस किया जाता है एवम समस्त विद्यार्थी और विभाग की ओर से उनके दृष्टिकोण का सफलतापूर्वक कार्य रुप में प्रेणित करने का संकल्प लिया गया है, कार्यक्रम की कड़ी में सबसे पहले अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया एवं स्वागत उद्बोधन डॉक्टर सांत्वना पांडे द्वारा दिया गया, तत्पश्चात छात्रा चित्र लता सिंह द्वारा परिदृश्य के मंच पर आयोजित विभिन्न क्रियाकलापों की विस्तार से जानकारी दी गई एवं परिदृश्य के उद्देश्य को बताया गया, इस अवसर पर छात्र कुणाल साहू द्वारा छत्तीसगढ़ी देशभक्ति कविता प्रतियोगिता के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई, इसके बाद अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा देशभक्ति स्वरचित छत्तीसगढ़ी कविता संग्रह का विमोचन किया गया ,इस अवसर पर माई समर बुक रीडिंग लिस्ट "नमक पुस्तक पठन अभियान का शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विगत 3 वर्षों से आयोजित निर्वाचन साक्षरता महोत्सव का भी शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के संदर्भ में अधिक जानकारी देते हुए छात्रा समीक्षा नायर ने कार्यक्रम की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर बीएन तिवारी ने कहा कि आप सभी के बीच आकर मुझे प्रसन्नता हुई, एवं आप का कार्यक्रम निश्चित ही सराहनीय योग्य है, अपनी मातृभाषा एवं सांस्कृतिक विविधता को सहेजना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस बात को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है, कि विद्यार्थी अपनी मातृभाषा को सहेजते हुए अपनी शिक्षा हासिल करें। उन्होंने कहा नए-नए कौशल को सीखते रहें,जिससे निश्चित ही आप जीवन में एक अच्छे स्थान को प्राप्त करेंगे

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर निलंबरी दवे जी ने कहां की आप लोगों के कार्यक्रम को देखकर प्रसन्नता हो रही है। कि किस प्रकार विद्यार्थी अपने शिक्षक के मार्गदर्शन भर से ही किसी कार्यक्रम को सफलता के साथ आयोजित कर रहे हैं, उन्होंने आगे कहा कि आपके विश्वविद्यालय में एक सकारात्मक वातावरण दिखाई पड़ता है। जिसमें आप सभी की सहभागिता सन लिप्त है, आप निश्चित ही देश विदेश के प्रतिष्ठित संस्थाओं के श्रेणी में समकक्ष होने की ओर अग्रसर हैं "माय समर बुक रीडिंग लिस्ट" अभियान को शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि किताब व्यक्ति का सबसे अच्छा मित्र होता है और व्यक्ति को किताब पढ़ते की आदत अपने दिनचर्या में लानी चाहिए, सपना सदैव बड़ा देखना चाहिए और उसको साकार करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर प्रवीण मिश्रा ने कहा कि आप सभी के अंदर प्रतिभा छिपी हुई है। जो इस कार्यक्रम के माध्यम से समावेशी रूप में परिलक्षित हो रही है, आपके हर कार्यक्रम के सफल होने के पीछे का कारण हैं उस कार्यक्रम की रूपरेखा जो आप बहुत अच्छे से बना कर उसे इस रूप में साकार करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रोफेसर अनुपमा सक्सेना ने बताया कि किस प्रकार विभाग विद्यार्थियों के उत्थान के लिए नए-नए प्रयोग कर रहा है। जिससे उनके भीतर कौशल का विकास हो और वह जीवन में सफलता के नए आयाम को गढ़ सके, साथ ही यह प्रयास भी किया जा रहा है कि विद्यार्थी को नवीन तकनीकों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जाए जिससे वह आत्मनिर्भर होकर किसी भी स्थान पर अपने आप को अभिव्यक्त कर सके

इस कार्यक्रम का संचालन छात्र गोपाल यादव एवं छात्रा दिव्या द्वारा किया गया एवं आभार प्रकट छात्र सत्यम यादव द्वारा किया गया इस अवसर पर अन्य अतिथियों में विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता समेत विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे विद्यार्थी तथा शोधार्थी की भी बड़ी संख्या ने कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य किया।